श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया

श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया,
रंग दे चुनरियामोरी रंग दे चुनरिया,
श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया.....

ऐसी रंग दे, के रंग नहीं छुटे,
धोबिया धोये चाहे सारी उमरिया,
श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया.....

लाल ना रंगाऊं मैं हरी ना रंगाऊ,
अपने ही रंग में रंग दे चुनरिया,
श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया.....

बिना रंगाये मैं तो घर नाही जाउंगी,
बीत ही जाए चाहे सारी उमरिया,
श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया.....

मीरा के प्रभु गिरिधर नागर,
प्रभु चरनन ने लागी नजरिया,
श्याम धनी मोरी रंग दे चुनरिया.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29943/title/shyam-dhani-mori-rang-de-chunariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |